श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

क्रमांक:एफ-3/12/एलबीएस/शै०/2021-22/543 दिनांक: 13-09-2021

कार्यालयीय सूचना

विषय: शैक्षणिक सत्र २०२१-२२ में प्रवेश हेतु छात्रों द्वारा ऑनलाईन माध्यम से शुल्क जमा करने हेतु तिथि बढ़ाने के सन्दर्भ में।

कार्यालय संख्या एफ-3/12/एलबीएस/शै0/2021-22/514 दिनांक 02.09.2021 के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2021-22 में (शास्त्री, बी.ए. योग (तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर) तथा आचार्य, एम.ए. योग (तृतीय सेमेस्टर) एवं अंशकालीन पाठ्यक्रम (तृतीय सेमेस्टर) में प्रोन्नत छात्रों को आगामी सेमेस्टर प्रवेश हेतु निर्धारित प्रवेश शुल्क ऑनलाईन माध्यम से जमा करने हेतु दिनांक 04.09.2021 से 10.09.2021 तक की तिथि निर्धारित की गई थी।

कोविड 19 से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण जो छात्र किन्हीं कारणों से ऑनलाईन माध्यम से अपना प्रवेश शुल्क जमा नहीं करवा सके, उन्हें पुन: सूचित किया जाता है कि ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 19.09.2021 तक बढ़ाई जाती है। ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा करवाने का लिंक विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर तथा छात्रों को उनके मोबाईल नंबर पर एस.एम.एस./व्हाट्सएप द्वारा सूचित किया जा चुका है। अत: संबंधित छात्र निर्धारित तिथि में अपना प्रवेश शुल्क जमा करवाने का कष्ट करें। ताकि कक्षा अनुसार प्रविष्ट छात्रों की सूची तैयार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु सभी विभागों को प्रेषित की जा सके।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि: सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्नलिखत को प्रेषित।

1. समस्त पीठ प्रमुख/विभागाध्यक्ष
2. विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा)
3. उपकुलसचिव (परीक्षा/शैक्षणिक)
4. कुलपति एवं कुलसचिव के निजी सचिव
5. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर
6. सहायक कुलसचिव (लेखा)
7. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि वह संलग्न सूची के अनुसार संबंधित छात्रों को लिंक प्रेषित करने का कष्ट करें। तथा उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अंकित करने का कष्ट करें।
8. सम्बन्धित पंजिका।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)